3 शब्द-विचार

(Morphology)

महल

कमल

हिरन

ऊपर दिए गए चित्रों के नीचे लिखे हुए वर्णों के सभी समूह शब्द हैं। इन सभी का निश्चित अर्थ है। यदि इन्हीं वर्णों का क्रम बदलकर लिखें –लहम, लमक नरहि–तो इनका कोई अर्थ नहीं निकलता।

दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को ही शब्द कहते हैं।

शब्द भेद

अर्थ के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं : 1. सार्थक शब्द, 2. निरर्थक शब्द

1. सार्थक शब्द

वर्णों के मेल से बने ऐसे शब्द, जिनका कोई–न–कोई अर्थ होता है, वे सार्थक शब्द कहलाते हैं; जैसे–कमल, पुस्तक, महल आदि।

2. निरर्थक शब्द

जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं निकलता, वे निरर्थक शब्द कहलाते हैं; जैसे–ड़ाकप, तकपुस्, लमक आदि। हिन्दी भाषा में निरर्थक शब्दों पर कोई विचार नहीं किया जाता है।

स्मरणीय बिंदु

- वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
- अर्थ के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं : 1. सार्थक शब्द, 2. निरर्थक शब्द।
- जिन शब्दों का कुछ अर्थ निकले, वे सार्थक शब्द होते हैं। जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं निकलता, वे निरर्थक शब्द कहलाते हैं।
- निरर्थक शब्दों पर हिन्दी भाषा में कोई विचार नहीं किया जाता है।

अभ्यास

मौखिक FORMATIVE ASSESSMENT

उत्तर दीजिए।

(क) शब्द किसे कहते हैं?

(ख) सार्थक शब्द से आप क्या समझते हैं?

(ग) अर्थ की दृष्टि से शब्द के कितने भेद हैं?

लिखित SUMMATIVE ASSESSMENT

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. सही (✓) विकल्प चुनिए–

(क) शब्द कहते हैं–

भाषा को ☐ वर्णों के समूह को ☐ जो कुछ अर्थ देता है ☐

(ख) अर्थ के आधार पर शब्द के भेद होते हैं–

एक ☐ दो ☐ तीन ☐

(ग) निरर्थक शब्दों पर भाषा में नहीं किया जाता है–

विचार ☐ गणना ☐ महत्त्व ☐

(घ) वर्णों के सार्थक समूह को कहते हैं–

अक्षर ☐ वाक्य ☐ शब्द ☐

(ङ) निरर्थक शब्द हैं–

बच्चे ☐ वच्चे ☐ अच्छे ☐

2. **सही कथनों पर (✓) और गलत पर (✗) का चिह्न लगाइए–**

(क) सार्थक वर्ण–समूह शब्द कहलाता है।

(ख) सार्थक व निरर्थक शब्द, अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद हैं।

(ग) निरर्थक शब्दों से उचित अर्थ का बोध होता है।

(घ) भाषा में निरर्थक शब्दों पर विचार नहीं किया जाता है।

3. **सही शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएμ**

(क) एक या एक से अधिक वर्णों का समूह .... कहलाता है।

(ख) जो शब्द किसी अर्थ का बोध कराते हैं .... कहलाते हैं।

(ग) अर्थ के आधार पर शब्द के .... भेद हैं।

(घ) केवल .... का वाक्य में प्रयोग किया जाता है।

4. **सार्थक और निरर्थक शब्द छाँटिएμ**

यगा, बालक, गाय, गनर, रीबक, बकरी, नीला, गीचल, अनार, हमल

सार्थक		**निरर्थक**	
....	....	....	....
....	....	....	....
....		....	

रचनात्मक मूल्यांकन ||| FORMATIVE ASSESSMENT 2

1. **वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए–**

र ट म

....



ल म क

....

ट ख म ल

....

ब श र त

....

2. **पत्रिकाओं एवं समाचार–पत्रों से कुछ चित्र इकट्ठे कीजिए। उन चित्रों को अपनी स्क्रैप बुक में चिपकाकर उनके आगे सुंदर अक्षरों में उनके नाम लिखिए।**